संक्षिप्त

कृषि कार्य के दौरान महिला की मौत

मालपुरा, (निसं)। मालपुरा उपखण्ड क्षेत्र के तिलांजू गांव में कृषि कार्य के दौरान एक महिला कृषक की मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि महिला कृषक सुनिता पत्नी अम्बालाल बैरवा अपने खेत पर गैंहू की फसल की सिंचाई कर रही थी इसी दौरान अचानक अचेत हो जमीन पर गिर पड़ी। पास ही कृषि कार्य कर रहे परिजनों ने महिला को मालपुरा अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां महिला को मृत घोषित किया।

33 विद्यार्थियों को जर्सियां दी

निवाई, (निसं)। गांव हरभांवता के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में कक्षा 1 से 5 तक पढ़ने वाले 33 विद्यार्थियों को भामाशाह अध्यापक कैलाश नारायण जाट ने जर्सियां वितरित की। इस अवसर प्रधानाचार्य कृष्णकुमार मीणा, शिवराज गुर्जर, सुरेश कुमार, रामलाल गुर्जर, शिवजीराम,सत्यनारायण कुर्मी व मधु चौधरी सहित विद्यार्थी उपस्थित थे।

कृषि कार्य के लिए दिन में बिजली देने की मांग

लालसोट, (निसं)। उपखंड क्षेत्र के दौलतपुरा ग्राम स्थित बिजली पावर हाउस जीएसएस पर किसानों ने बिजली आपूर्ति आदि समस्याओं को लेकर जमकर विरोध प्रदर्शन किया।

विरोध प्रदर्शन करने वाले किसानों ने बताया कि रात में दस बजे बाद बिजली देने के कारण किसानों को इस हाड़ कपाने ठंड के चलते कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है। किसानों एवं ग्रामीणों ने विद्युत विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए दिन में ही बिजली आपूर्ति करने की मांग की गई। ग्रामीणों एवं किसानों ने बताया कि हाल ही में एक किसान की रात्रि में कार्य करते समय मौत हुई है। अगर किसानों को कृषि कार्य के लिए दिन में बिजली नहीं दी गई तो इस शीतलहर की चपेट में आकर आगे भी किसानों को बड़ा नुकसान होने की संभावना है।

■ जीएसएस की सारी विद्युत आपूर्ति को किया ठप



दौलतपुरा जीएसएस पर मांगों को लेकर ग्रामीणों व किसानों ने प्रदर्शन किया।

ग्रामीण एवं किसानों द्वारा जमकर आक्रोश व्यक्त करते हुए जीएसएस से गुजरने वाली सारी विद्युत लाइनें बंद कर दी एवं जब तक दिन में लाइट नहीं देंगे तब तक धरना जारी रहने की चेतावनी दी गई। धरना प्रदर्शन की जानकारी मिलने के बाद विद्युत विभाग के सहायक अभियंता मौके पर पहुंचे एवं आक्रोशित आंदोलन कर रहे किसानों से समझाइस वार्ता की गई एवं लोड शैडिंग के अलावा दिन में विद्युत आपूर्ति के आश्वासन के बाद ग्रामीण किसानों द्वारा धरना प्रदर्शन को समाप्त किया गया। इस दौरान एसटी मोर्चा के जिला अध्यक्ष सीता राम मीणा, पंचायत समिति सदस्या पति हरलाल चंदवाडा, किशन गोठवाल, प्रहलाद स्वामी, प्रह्लाद गोरली, किसान नेता गोपाल जांगिड सहित कई ग्रामीण किसान मौजूद रहे।

मंत्रायिलक कर्मचारी संघ ने ज्ञापन सौंपा

निवाई, (निसं)। राजस्थान राज्य मंत्रायिलक कर्मचारी संघ ने अपनी 11 सूत्री मांगों को लेकर जिलाध्यक्ष राजाराम धाकड व ब्लाक अध्यक्ष रमेशकुमार सैनी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन के माध्यम से अवगत करवाया कि प्रदेश के राजस्व मंत्रायिलक कर्मचारी 17 व 18 जनवरी को राजस्व मंडल उप निवेशन विभाग, भू-प्रबंधक विभाग, संभागीय आयुक्त, राजस्व अपील प्राधिकरण कार्यालय एवं जिला कलेक्टर अधिनस्थ उपखण्ड व तहसील कार्यालय में कार्यरत मंत्रायिक कर्मचारी काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन करेगें। उन्होंने बताया कि 19 व 20 जनवरी को संघ के आह्वान पर लंच समय पश्चात दो घण्टे कार्य बहिष्कार पेन डाउन रखा जाएगा। 31 जनवरी को सुबह 11 बजे शहीद स्मारक जयपुर पर कर्मचारी मांग पत्र को लेकर रैली व प्रदर्शन करेगें। इस अवसर पर सहायक प्रशासनिक अधिकारी के.के. यादव, रामकिशन वर्मा, जितेन्द्र कुमार माथुर, चित्रांश माथुर, नरेश मीणा, सुरेश गुप्ता,अजय, माधव, दिलखुश मीणा, दिनेश गौतम, मनोज कुमावत, कमल कुमार राव सहित अन्य कार्मिक उपस्थित थे।

सार-समाचार

111 विद्यार्थियों को जर्सियां वितरित की

नारायणपुर, (निसं)। कस्बे के मानसरोवर जोहड़ पर स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बास बैरिसाल में सोमवार को भामाशाह विनोद शर्मा, महामंडलेश्वर जनार्दनदास महाराज द्वारा कक्षा 1 से 8 तक के 111 निर्धन विद्यार्थियों को जर्सी वितरण की गई। जर्सी पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। इस अवसर पर भामाशाह व मौजूद अतिथियों का शाला परिवार की ओर स्वागत कर आभार व्यक्त किया। इस मौके पर रघुनंदन शर्मा, महेंद्र शर्मा, विवेक शर्मा, अर्जुन लाल यादव, अमित शर्मा, राजेश सिंघल, अरोड़ा, प्रधानाध्यापक रिंकूराज बरनाला, राजकुमार मीणा, पिंकी बाई, प्रमिला देवी, राकेश कुमार आदि गणमान्य लोग व अध्यापकगण मौजूद थे।

पाला पड़ने से फसल खराबे की आशंका

चौमूं/कालाडेरा, (निसं)। चौमूं उपखण्ड के गांवों में शीतलहर व पाला पड़ने से सरसों, जौ, गेहूं के साथ साथ सब्जियां भी नष्ट होने के कगार पर हैं। अगर ऐसे ही सर्दी बढ़ती रही तो आने वाले दिनों में फसलें और सब्जियां चौपट हो जायेगी। वहीं चौमू उपखण्ड में लगातार तेज शरद हवायें चलने से ठंड बहुत बढ़ गई है। जानकारी के अनुसार कालाडेरा, कानरपुरा, आलीसर, आष्टी कला, नांगल गोविंद, सिरसा, मंडा-भिण्डा, विमलपुरा, डोलाका बास, सान्दरसर, नांगल-गोविन्द सहित उपखण्ड के आस-पास के कई ग्रामों में फसलों का नुकसान होने की संभावना बनी हुई है। किसानों का कहना है कि अबकी बार अच्छी पैदावार होने की संभावना थी, लेकिन इस सर्दी व पाले से अब फसलों के नुकसान होने की संभावना है। वहीं आलीसर के एक किसान के खेत में सरसों की फसल पर बर्फ जम गई ।

पौषबड़ा प्रसादी का आयोजन

फुलेरा, (निसं)। कस्बे के श्रीराम नगर स्थित श्री दादू आश्रम पर दादूदयाल महाराज के पौषबड़ा प्रसादी का आयोजन महन्त रामप्रकाश महाराज अधिपति दादू आश्रम फुलेरा के सानिध्य में किया गया। दादू आश्रम के व्यवस्थापक धर्मेन्द्र दास स्वामी ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पोषबड़ा महोत्सव का आयोजन मकर संक्रांति पर श्री दादू वाणी का अखण्ड पाठ का आयोजन के साथ ही पौषबड़ा पंगत प्रसादी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान श्रीमद् दादू वाणी प्रवचन, सत्संग, महाआरती एवं पंगत प्रसादी का आयोजन महन्त रामप्रकाश महाराज के द्वारा किया गया। इस अवसर पर श्री दादू मन्दिर को भव्य रूप से सजाया गया वहीं श्रद्धालु भक्तों ने श्रीमद् दादू वाणी प्रवचन सुनकर धार्मिक लाभ उठाया।

बालिकाओं के लिए शौचालय बनेगा

बोराज, (निसं)। महिंद्रा एंड महिंद्रा जयपुर एवं सर्व मंगल ग्रामीण विकास संस्थान बून्दी द्वारा आजीविका संवर्धन हेतु सतत ग्राम विकास कार्यक्रम के अंतर्गत सोमवार को महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय बोराज के परिसर में बालिकाओं के लिए अलग से शौचालय हेतु भूमि पूजन कर निर्माण कार्य का काम शुरू किया गया । वाइस प्रिंसिपल हरिशंकर जोनवाल ने बताया कि भूमि पूजन कार्यक्रम में महिंद्रा एंड महिंद्रा से रमन सिंह, विनोद सिन्हा, दिवाकर पाठक व सर्व मंगल ग्रामीण विकास संस्थान के परियोजना अधिकारी देवेंद्र तिवारी एवं इंजीनियर वसीम अंसारी ने भाग लिया। इस अवसर पर संस्था प्रधानाचार्य गीता राजावत, वाइस प्रिंसिपल हरिशंकर जोनवाल एवं समस्त विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

चौधरी का ग्रामीणों ने स्वागत किया

श्रीमाधोपुर, (निसं)। विधानसभा क्षेत्र श्रीमाधोपुर के ग्राम पंचायत मूंडरू की ढाणी जाटवाली (जालपाली) में भाजपा जिला किसान मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष श्याम चौधरी गणपत राम सैनी के घर पहुंचे जहां पर कई समाजों के लोगों ने श्याम चौधरी का माला व साफा पहनाकर स्वागत किया । वहीं वृद्ध माताओ, बहनों व बड़े बुजुर्गों ने आशीर्वाद दिया । इस मौके पर चौधरी ने कहा कि मै हर समय व सुख दुख मैं आपके साथ खडा रहूंगा व खरा उतरूंगा। इस अवसर पर बद्री प्रसाद, चेताराम सैनी मूंडरू ,महेंद्र सिंह शेखावत , नाथूराम यादव अमरसिंह वाली, सोहन रूंडला, रघुवीर जांगिड़ व बड़े बुजुर्ग उपस्थित रहे। वही चौधरी ने मान सम्मान के लिए सभी ग्राम वासियों, ढाणीवासियों का आभार व्यक्त किया।

पत्नी का हत्यारा रिमाण्ड पर

फागी, (निसं)। कस्बे में शनिवार को हुए हत्याकांड के आरोपी को न्यायालय ने दो दिन के पुलिस रिमाण्ड पर सौंप दिया। जिससे पुलिस गहनता से पूछताछ कर हत्या के करणों का पता लगाने में जुटी है। फागी थानाधिकारी भंवर लाल वैश्णव ने बताया कि हत्या में प्रयुक्त लोहे के हथोडे को बरामद कर लिया है। गोरलतलब है कि कस्बे के राजकीय चिकित्सालय में कार्यरत कम्पाउण्डर परशुराम कुम्हार ने अपनी पत्नी सरोज जो कि मकर संक्रांति त्यौहार के दिन छत पर भोजन बनाने में जुटी होने के दौरान आरोपी ने उसकी निर्मम हत्या कर दी थी।

पेपर लीक के विरोध में हल्ला बोल प्रदर्शन आज

कोटपूतली, (निसं)। प्रदेश में विभिन्न परीक्षाओं के पेपर लीक प्रकरण के विरोध में राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (आरएलपी) के कार्यकर्ताओं द्वारा मंगलवार को राजधानी जयपुर में पार्टी सुप्रीमो हनुमान बेनीवाल के नेतृत्व में विशाल हल्ला बोल प्रदर्शन कर राज्य सरकार का घेराव किया जायेगा।

विरोध प्रदर्शन में भाग लेने के लिए कोटपूतली से हजारों की संख्या में आरएलपी कार्यकर्ता, छात्र, युवा व बेरोजगार पार्टी के प्रदेश महामंत्री व पूर्व संसदीय सचिव रामस्वरूप कसाना के नेतृत्व में जयपुर कूच करेंगे। जहां शहीद स्मारक पर विशाल धरना व विरोध प्रदर्शन किया जायेगा।

कसाना ने बताया कि शहीद स्मारक से कार्यकर्ता सिविल लाइन्स मुख्यमंत्री निवास का घेराव करने के लिए कूच करेंगे। धरना-प्रदर्शन की तैयारियों को लेकर आरएलपी कार्यकर्ताओं की बैठक कसाना की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसमें तैयारियों का जायजा लेते हुए विभिन्न जिम्मेदारियों का वितरण भी किया गया। बैठक को सम्बोधित करते हुए कसाना ने कहा कि वसुंधरा सरकार के समय से ही पेपर लीक होना शुरू हुए जो आज तक जारी है। इस तरह के प्रकरणों की जांच राज्य सरकार द्वारा किसी बड़ी एजेंसी से करवाई गई होती तो बड़ी संख्या में कांग्रेस के मंत्री, विधायक व अधिकारी सलाखों के पीछे होते। पेपर लीक प्रकरण में कांग्रेस के साथ-साथ भाजपा की मिलीभगत का नतीजा है। लेकिन आरएलपी कार्यकर्ता अब सडकों पर उतरकर सरकार का घेराव करेगें। मंगलवार को कार्यकर्ता कृष्णा टॉकिज रोड़ से राजधानी जयपुर के लिए कूच करेगें। इस दौरान बनवारी स्वामी, राजेश, कृष्ण सरपंच भालोजी, रत्तिराम, सत्यवीर खाड़ा, दिनेश रावत, गाँधी जाट, प्रवीण शर्मा, डी.के. तिवाड़ी, रोहिताश, संदीप, संजीव माठ, प्रताप सिंह, बिल्लू कांकरिया समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

■ कोटपूतली से हजारों की संख्या में कार्यकर्ता, छात्र, बेरोजगार करेंगे जयपुर कूच

विजेता टीम का जुलूस निकाला

टोंक, (निसं)। करोली में आयोजित 66 वीं राज्य स्तरीय अंडर-14 क्रिकेट प्रतियोगिता में टोंक जिले की टीम के चैम्पियन बनने पर सोमवार को विजेता टीम के खिलाड़ियों का जुलूस पटेल सर्किल से सवाईमाधोपुर सर्किल जैन नसियां तक खिलाडियों को जीप के उपर बिठाकर डोल नगाडों के साथ निकाला गया। इस अवसर पर टोंक के व्यापारियों, सामाजिक संगठनों एवं खेल से जुडे संगठनों के पदाधिकारियों एवं खिलाडियों ने विजेता टीम के सदस्यों को मालाऐं पहनाकर उनका हौंसला अफजाई करते हुए अभिनन्दन किया गया। टीम के प्रशिक्षक राहिल अली एवं टीम प्रभारी इरशाद पठान व अथर उल हक ने बताया कि टोंक की टीम के प्रतियोगिता में पांच मैच प्रदेश के विभिन्न जिलों की टीमों से हुआ जिसमें टोंक की टीम अपराजित रही। वहीं पांचों मैचों में मैन-ऑफ दी मैच नायफ रशीद रहने पर मैन ऑफ दा टूर्नामेंट का खिताब भी अपने नाम किया। इस मौके पर कन्हैया लाल मीणा, रामप्रसाद मीणा, फिजीकल डिप्टी माध्यमिक शिवनारायण शर्मा, युसुफ ऐजाजी, आनन्द वर्धन बम, आतिफ नकवी, सलीमुद्दीन खान, खालिद रशीद, मुमताज रशीद, असलम रशीद एवं अरशद आदि मौजूद रहे।

प्रधानमंत्री मोदी की धर्मपत्नी जसोदा बेन का टोंक पहुंचने पर स्वागत

टोंक, (निसं)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की धर्मपत्नी जसोदा बेन एक निजी कार्यक्रम में जाते समय टोंक पहुंचीं, जहां सोमवार को सुबह घंटाघर स्थित साहू समाज के सीतारामजी के मंदिर में महादेवजी के शिवलिंग पर जलाभिषेक किया व ठाकुर जी महाराज के भी दर्शन किये।

साहू समाज के लोगों ने यशोदा बेन का टोंक पहुंचने पर स्वागत किया। साहू समाज मंदिर ट्रस्ट उपाध्यक्ष पार्षद बादल साहू ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की धर्मपत्नी जसोदा बेन नैनवा किसी कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए जाते समय रात्रि लेट होने के कारण सर्किट हाउस टोंक में रात्रि विश्राम किया और सोमवार को सुबह साहू समाज मंदिर में शिवजी की पूजा अर्चना की व ठाकुर जी के दर्शन किए, उसके बाद वे अपने कार्यक्रम के लिए रवाना हो गई।

■ नैनवा जाते समय सर्किट हाउस टोंक में रात्रि विश्राम किया

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की धर्मपत्नी जसोदा बेन का टोंक पहुंचने पर जिला प्रमुख सरोज बंसल के नेतृत्व में स्वागत किया।

इस अवसर पर पार्षद बादल साहू के साथ साहू समाज टोंक द्वारा जसोदा बेन का माला पहनाकर स्वागत सत्कार किया। इस अवसर पर जिला प्रमुख सरोज नरेश बंसल, जगदीश साहू उनियारा, सूरज साहू, पवन साहू, मोनू साहू, टम्मू साहू, रवि सैनी, प्रभु बडोलिया आदि उपस्थित रहे। इसी प्रकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की धर्मपत्नी जसोदा बेन का टोंक आगमन पर पूर्व सभापति एवं भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य लक्ष्मी जैन एवं युवा भाजपा नेता विनायक जैन ने भी स्वागत किया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की धर्मपत्नी जसोदा बेन के अल्प प्रवास पर टोंक आगनम पर सोमवार को जिला प्रमुख आवास पर सरोज बंसल,भाजपा जयपुर शहर संगठन सह प्रभारी नरेश बंसल ने उनका साल उडाकर, चांदी का नारियल बैठकर स्वागत एवं अभिनंदन किया।

छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा की जानकारी दी

पावटा, (निसं)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पावटा में 32वें सड़क सुरक्षा सप्ताह का आगाज करते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विद्या प्रकाश व वृत्ताधिकारी वृत्त विराटनगर संजीव चौधरी के निर्देशानुसार प्रागपुरा थाना एएसआई कुंवर सिंह ने विद्यालय के छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा सप्ताह की जानकारी प्रदान की।

इस दौरान एएसआई कुंवर सिंह ने कहा कि वाहन दुर्घटनाओं को कम करना है तो यातायात नियमों की पालना सुनिश्चित करनी होगी। विद्यालय के बच्चे बाइक चला रहे हैं और उनके पास लाइसेंस नहीं है तो उनके परिजनों को बुलाकर विद्यालय स्तर पर ही समझाइश की जाएगी ताकि जीरो मोटिलिटी की जा सके। वहीं बच्चों को जानकारी देते हुए बताया कि नशा करके वाहन नहीं चलाना चाहिए तथा घर से बाहर निकलते ही हेलमेट का प्रयोग आवश्यक रूप से करना चाहिए अन्यथा जनहानि होने की पूर्ण संभावना रहती है। साथ ही विद्यालय के संस्था प्रधान जय सिंह यादव ने कहा की चारपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग आवश्यक रूप से करना चाहिए। हमेशा उचित गति में ही वाहन चलाना चाहिए।

राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया।

चोरी के आरोपियों को जेल भेजा

नारायणपुर, (निसं)। थाना पुलिस नारायणपुर के अंतर्गत 4 दिसम्बर को दिनदहाड़े स्टेट हाइवे 52 पर स्थित विनोद पब्लिक स्कूल के पास सूने घर में सोने-चांदी के जेवरात चोरी के मामले में गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय ने सोमवार को जेल भेजा है। आरोपी दीपक (25) पुत्र रोहिताश जाति माली निवासी न्यू कॉलोनी बिजली ग्रेड के पास थानागाजी, बंटी (25) पुत्र पप्पू राम जाति माली निवासी राजपुरा मोहल्ला नारायणपुर, विक्रम (22) पुत्र फूलचंद जाति माली निवासी पेट्रोल पंप के सामने अलवर रोड थानागाजी को पुलिस ने 5 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया था। रिमांड के दौरान पुलिस ने चोरी का माल आरोपियों से बरामद किया। सोमवार को रिमांड अवधि समाप्त होने पर पुलिस ने तीनों आरोपियों को थानागाजी न्यायालय मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया। जहां से मजिस्ट्रेट ने सभी आरोपियों को जेल भेज दिया।

अवैध पार्किंग व अस्थाई अतिक्रमण से व्यापारियों में आक्रोश

खैरथल, (निसं)। पिछले काफी समय से अवैध पार्किंग व अस्थाई अतिक्रमण के कारण परेशान दुकानदारों का सोमवार को ऐसा गुस्सा फूटा कि प्रशासन के खिलाफ सड़क पर उतर नारेबाजी कर विरोध जताया।

वरिष्ठ व्यापारी शेर सिंह सैनी ने बताया कि चूड़ी बाजार के सामने शुरू होने वाले आदर्श मार्केट में अपनी दुकानों के सामने किए गए अस्थाई अतिक्रमण को हटाये जाने व मार्केट में आने वाले वाहनों के लिए स्थाई पार्किंग मार्केट से बाहरी इलाके जैसे शनि मंदिर से आगे वाली सरकारी जमीन पर स्थाई पार्किंग व्यवस्था होना बहुत जरूरी है। जबकि सीएलजी सदस्य राज सैनी ने कहा कि इस मार्केट में उसकी कंम्पयूटर की दुकान व घर का रास्ता है अवैध पार्किंग के कारण वे बेहद परेशान हैं। प्रशासन को बार-बार अवगत कराने व सीएलजी की बैठक में ध्यानाकर्षण लाने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। आदर्श मार्केट के मुहाने पर रास्ता जाम करने वाले वाहनों को न खड़ा करने के लिए पाबंद करने की मांग को लेकर आदर्श मार्केट के दर्जनों स्थानीय दुकानदारों ने नगर पालिका जाकर ईओ के नहीं होने पर जेईएन मोतीलाल वर्मा को अपनी पीड़ा बताई और प्रशासन से राहत दिलाने की मांग की है। इस मौके पर शेर सिंह सैनी, संदीप खंडेलवाल, मनोज डाटा, कमलेश खंडेलवाल, भूषण गुप्ता, इशु गुप्ता, हनुमान गुप्ता, मुकेश सैनी, दिनेश गुप्ता, किशनलाल जांगिड़, धीरज गुप्ता, युवा समाजसेवी प्रेम सैनी, जगदीश टेलर, जोनी खंडेलवाल, गिरीश खंडेलवाल, भोजराज बसरानी, उमा गुप्ता, एवं आदर्श मार्केट के समस्त व्यापारीगण उपस्थित रहे।

■ प्रशासन के खिलाफ सड़क पर उतर नारेबाजी की

जो सरकार लीक हो उसमें पेपर लीक रोकने की क्षमता नहीं : चौधरी

मालपुरा, (निसं)। सोमवार को मालपुरा टोडारायसिंह विधानसभा क्षेत्र के भाजपा युवा मोर्चा मंडल का कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया।

क्षेत्रिय विधायक कन्हैयालाल चौधरी ने हजारों कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए प्रदेश में गहलोत सरकार के चार साल को जंगलराज करार देते हुए कहा कि जो सरकार लीक हो उसमें पेपर लीक रोकने की क्षमता नहीं है। इसी का परिणाम बार-बार युवाओं को भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि चार साल में प्रदेश में अराजकता फैलने, महिला हत्याचार बढ़ने, पेपर माफियाओं व शराब माफियाओं सहित भूमाफियाओं का आंतक बढ़ा है। आज प्रदेश की महिलाएं व बहिन-बेटियों अपनी सुरक्षा को लेकर सरकार की लापरवाही का दंश झेल रही हैं। कानून व्यवस्था पूर्ण रूप से पटरी से उतर चुकी है।

गहलोत सरकार के मंत्री ही नहीं अपितु अधिकारियों के भी आये दिन बिगड़े बोल के किस्से सामने आ रहे हैं। आज भी मुख्यमंत्री अशोक गहलोत प्रदेश के विकास के बजाय स्वयं की कुर्सी बचाने में व्यस्त है। ऐसी निकम्मी व नकारा कांग्रेस सरकार को उखाड़ फैंकने के लिए विधायक ने युवाओं से आव्हान किया। जिस पर मौजूद हजारों युवाओं ने एक स्वर में जय-जय राजस्थान के जयघोष लगाये। इस दौरान रामचन्द्र गुर्जर, संतकुमार जैन, भाजयुमो जिलाध्यक्ष नरेन्द्र शर्मा, मंडल अध्यक्ष हंसराज गुर्जर, युवा मोर्चा अध्यक्ष विमल धाकड, महामंत्री लक्ष्मण चौधरी, नरेन्द्र जैन आदि ने भी गहलोत सरकार पर निशाना साधा। युवाओं ने जिलाध्यक्ष व विधायक को 21 किलो फूलो का हार पहनाया।

वहीं पूर्व उपजिला प्रमुख अवधेश शर्मा अपने सैंकडों कार्यकर्ताओं के साथ नागौर के पर्बतसर में आयोजित किसान सम्मेलन में पहुंच पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट को श्रीजी का दुपट्टा पहना मालपुरा विधानसभा क्षेत्र की समस्याओं से अवगत करवा मालपुरा आगमन का पायलट को निमंत्रण दिया।

भाजयुमो कार्यकर्ता सम्मेलन में विधायक कन्हैयालाल व जिलाध्यक्ष नरेन्द्र शर्मा का कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहना कर स्वागत किया।

■ भाजयुमो कार्यकर्ता सम्मेलन में विधायक कन्हैयालाल चौधरी ने गहलोत सरकार पर साधा निशाना

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए राशि स्वीकृत

पावटा, (निसं)। विराटनगर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम गोविंदपुरा धाभाई में स्थापित अस्पताल को अपना भवन नसीब होगा। विधायक इंद्राज गुर्जर की अनुसंशा पर स्वास्थ्य मंत्री प्रसादी लाल मीणा के निर्देश पर ग्राम गोविंदपुरा धाभाई में प्राथमिक केंद्र के भवन निर्माण के लिए 1 करोड 43 लाख की मंजूरी दी है। क्षेत्रवासियों ने खुशी जताते हुए स्वास्थ्य मंत्री प्रसादी लाल मीणा व विधायक इंद्राज गुर्जर का आभार जताया है। इस अवसर पर विधायक इंद्राज गुर्जर ने कहा कि गांव में लोगों को आसान तरीके से स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सरकार जगह-जगह स्वास्थ्य संरचना खड़ी कर रही है। उन्होंने कहा कि लोगों को लंबी दूरी तय कर पावटा, विराटनगर, शाहपुरा सहित कई जगहों पर इलाज हेतु जाना आना पडता था। लोगों की समस्या को देखते हुए ग्राम गोविंद पुरा धाभाई में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण कार्य की शुरुआत की जायेगी। उन्होंने कहा कि जल्दी ही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन बनकर तैयार हो जाएगा और फिर उसके बाद लोगों को स्वास्थ्य सुविधा मिलने लगेगी।

कॉलेज में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित

राजकीय एलबीएस पीजी महाविद्यालय में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ।

कोटपूतली, (निसं)। स्थानीय राजकीय एलबीएस पीजी महाविद्यालय में सोमवार को वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिकताओं का प्राचार्य डॉ.उर्मिल महलावत ने शुभारम्भ किया।

खेल अधिकारी प्रो.मालीराम मीणा ने बताया कि 100 मीटर (छात्र वर्ग) दौड़ में अजय कुमार, हेमन्त सैन व पवन सिरोहीवाल क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। 100 मीटर छात्रा वर्ग दौड़ में पायल शेखावत, कृष्णा गुर्जर व कविता मीणा क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रही। 200 मीटर छात्र वर्ग दौड में अजय कुमार, इन्द्राज गुर्जर व पवन सिरोहीवाल क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। 200 मीटर छात्रा वर्ग में पायल शेखावत, मनीषा मीणा, कविता मीणा ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर छात्र वर्ग में इन्द्राज गुर्जर प्रथम, धर्मवीर तंवर द्वितीय व कृष्ण यादव तृतीय स्थान पर रहे तथा 400 मीटर छात्रा वर्ग में दीक्षा प्रथम, आशा गुर्जर द्वितीय तथा पायल सैनी तृतीय स्थान पर रही। 800 मीटर छात्र वर्ग में दलीप कुमार प्रथम, सचिन कुमावत द्वितीय तथा अनुप जाट तृतीय स्थान पर रहे। 1600 मीटर छात्र वर्ग में देवेन्द्र कुमार प्रथम, अनुप जाट द्वितीय एवं सीताराम मामोडिया तृतीय स्थान पर रहे। गोला फेंक (छात्रा वर्ग) में मनीषा मीणा प्रथम, संजू कसाना द्वितीय तथा दीक्षा तृतीय स्थान पर रही। इस दौरान वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ.आर.पी.गुर्जर, डॉ. मधु नागर, डॉ.आर.के.सिंह, प्रो. अनुभा गुप्ता, प्रो.सुरेश कुमार यादव, प्रो.एच.आर.धनेटिया, डॉ.बाबूलाल मीणा व प्रो.सज्जन सिंह यादव सहित अन्य लोग मौजूद थे।